**TOYOTA TSUSHO CORPORATION**
Compliance & Crisis Management Dept.
Compliance Management Group

| | |
|---|---|
| First Edition | July 1st , 2016 |
| Second Edition | July 2nd , 2018 |
| Third Edition | October 1st , 2025 |


TOYOTA TSUSHO GROUP

TOYOTA TSUSHO GROUP

COCE, for the Future

# वैश्विक आचार संहिता और नैतिकता

# COCE

Global Code of Conduct and Ethics

# अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी का संदेश

सभी को नमस्कार

हम, टोयोटा त्सुशो समूह, अपने कॉर्पोरेट दर्शन “लोगों, समाज और पृथ्वी के साथ मिलकर जीना और समृद्ध होना को अपने आचरण का आधार मानते हैं। हमारा उद्देश्य एक ऐसी मूल्य-सृजनकारी संस्था बनना है, जो समृद्ध समाजों के निर्माण में योगदान दे।”

टोयोटा त्सुशो समूह 70,000 से अधिक व्यक्तियों का एक अनूठा संगठन है, जो विभिन्न पृष्ठभूमियों, राष्ट्रीयताओं, आयु वर्गों और लिंगों से आते हैं तथा विश्व के 130 से अधिक देशों में कार्यरत
हैं। विविधता के बावजूद, यह कॉर्पोरेट दर्शन हम सभी को एक सूत्र में बाँधता है। हमारे व्यवहारिक दिशानिर्देश इस दर्शन को क्रियान्वित करने के सिद्धांत हैं, और वैश्विक आचार संहिता एवं नैतिकता (COCE) इन सिद्धांतों के लिए एक सशक्त एवं ठोस ढाँचा प्रदान करती है।

कंपनी के रूप में निरंतर प्रगति के लिए यह आवश्यक है कि हम “सही व्यक्ति/विकल्प बनें” की भावना को आत्मसात करें — अर्थात् विश्वास अर्जित करें और समाज तथा अपने ग्राहकों द्वारा निरंतर चुने जाएँ। विश्वास कोई ऐसी चीज़ नहीं है जो एक रात में अर्जित हो जाए। यह निरंतर, सच्चे कर्मों और प्रत्येक दिन लिए गए विचारशील निर्णयों से धीरे-धीरे निर्मित होता है। COCE हमारी “दिशा-सूचक” के रूप में कार्य करता है, जो हमें ईमानदारी से कार्य करने और सही मार्ग पर बने रहने का मार्गदर्शन करता है।

जैसे-जैसे हमारा व्यवसाय विविध क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर विस्तार कर रहा है, हम एक जटिल विश्व में कार्यरत हैं जहाँ शायद ही कोई एक “सही” उत्तर होता है। ऐसे समय में हमें परिवर्तन से डरना नहीं चाहिए, बल्कि उसे अपनाना चाहिए और साहसपूर्वक नई चुनौतियाँ स्वीकार करनी चाहिए। ऐसा करने के लिए, यह और भी आवश्यक हो जाता है कि हम अपने दृढ़ और अटल मूल्यों से जुड़े रहें।

टोयोटा त्सुशो समूह के सदस्य होने के नाते, मैं आप सभी से आग्रह करता हूँ कि COCE को भली-भाँति समझें और उसे अपने दैनिक कार्यों व निर्णयों की नींव बनाएँ। स्वयं से यह प्रश्न अवश्य पूछें —
“क्या मैं अपने कार्य और अपने व्यवसाय को गर्वपूर्वक अपने परिवार और मित्रों के साथ साझा कर सकता हूँ?”

हम ही वह टीम हैं जो टोयोटा त्सुशो समूह का भविष्य गढ़ रही है।
आइए, COCE को अपना मार्गदर्शक मानते हुए, निरंतर आगे बढ़ें — ताकि आने वाली पीढ़ियों को हम एक बेहतर पृथ्वी सौंप सकें।



**तोशिमित्सु इमाई,**
अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी;
टोयोटा त्सुशो कॉर्पोरेशन



# इस पुस्तिका का परिचय

जब हम निर्णय ले रहे हों या अनिश्चितताओं का सामना कर रहे हों यह पुस्तिका वैश्विक आचार संहिता एवं नैतिकता (Global Code of Conduct and Ethics) का सरल एवं स्पष्ट विवरण प्रदान करती है, जो
टोयोटा त्सुशो समूह के सभी सदस्यों के लिए मूल्य एवं निर्णय के मानकों के रूप में कार्य करती है।
कृपया इस पुस्तिका को सदैव अपने पास रखें ताकि आवश्यकता पड़ने पर आप किसी भी समय इसका संदर्भ ले सकें।





- वैश्विक आचार संहिता और नैतिकता क्या है? ...... 04
- MVV और COCE ...... 06
- COCE के दस सिद्धांत ...... 08
- COCE पुष्टिकरण चार्ट ...... 16
- COCE उल्लंघनों की रिपोर्टिंग ...... 18

# वैश्विक आचार संहिता एवं नैतिकता (COCE) क्या है?

COCE, for the Future

वैश्विक आचार संहिता एवं नैतिकता (COCE) एक ऐसी सार्वभौमिक रूप से लागू की जाने वाली मानक एवं नैतिक सिद्धांतों की संहिता है, जो स्पष्ट रूप से टोयोटा त्सुशो समूह के कॉर्पोरेट दर्शन का समर्थन करने वाले व्यवहारिक दिशानिर्देशों को मूर्त रूप देती है। टोयोटा त्सुशो समूह का प्रत्येक सदस्य COCE को अपने मूल्यों और निर्णयों का मानक माने, और अपने दैनिक कार्यों के संचालन में इसे आधार बनाते हुए हमारे कॉर्पोरेट दर्शन की दिशा में निरंतर प्रयत्नशील रहे।

## टोयोटा त्सुशो समूह का मूल दर्शन

### कॉर्पोरेट सिद्धांत

व्यक्ति,समाज और ग्रह के साथ सह-अस्तित्व एवं सह-समृद्धि के प्रयास में हमारे लक्ष्य एक ऐसे आदर्श कॉर्पोरेट निर्माण का है जो समृद्ध समाज का निर्माण करने में योगदान देता है।

### व्यवहार संबंधी दिशानिर्देश

एक अच्छे कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में, हम

- मुक्त एवं न्यायपूर्ण व्यावसायिक गतिविधियों के लिए प्रयास करेंगे;
- हम सामाजिक रूप से ज़िम्मेदार होंगे और प्राकृतिक पर्यावरण के संरक्षण के लिए प्रयास करेंगे;
- हम रचनात्मकता का प्रयोग करेंगे एवं अतिरिक्त उपयोगिता प्रदान करने का प्रयास करेंगे;
- हम मानव का आदर करना एवं एक ऐसा कार्यक्षेत्र बनाने का प्रयास करेंगे जो उत्प्रेरित और कार्य करने योग्य हो।



## COCE निम्नलिखित मूल सिद्धांतों पर आधारित है

- सुरक्षा और अनुपालन प्रत्येक कार्य का प्रथम द्वार हैं
- सूचीबद्ध कंपनी के रूप में सटीक वित्तीय जानकारी का प्रकटीकरण करें
- केवल कानूनों का ही नहीं, बल्कि आंतरिक नियमों और कॉर्पोरेट नैतिकता का भी पालन करें
- समाज के सतत विकास के लिए, पर्यावरण का ध्यान रखते हुए सृजनशीलता और निरंतर सुधार के माध्यम से अतिरिक्त मूल्य प्रदान करना।
- मानव अधिकारों का सम्मान करें और विविधता को अपनाएँ






# MVV और COCE

COCE, for the Future



COCE हमारी मिशन, विज़न और मूल्यों (MVV) को साकार करने में एक दिशासूचक के रूप में कार्य करती है।




* Gembality: Combination of “Gemba” [Gemba = “Genchi” (on-site) + “Genbutsu” (hands-on)] + “reality










# वैश्विक आचार संहिता और नैतिकता










# वैश्विक आचार संहिता और नैतिकता

**10 पंथ**

1. हम एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्य वातावरण बनाने के लिए “ANZEN” के प्रति प्रतिबद्ध हैं।
2. हम सभी लागू कानूनों और विनियमों का अनुपालन करेंगे; जिनमें भ्रष्टाचार-विरोधी, अविश्वास और प्रतिस्पर्धा कानून, तथा व्यापार कानून और विनियम शामिल हैं।
3. हम अचूक वित्तीय सूचना के लिए समर्पित रहेंगे।
4. हम कंपनी के सभी नियमों का अनुपालन करने के लिए उत्तर्दायी हैं।
5. हम ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य करेंगे और साझेदारों के बीच विश्वास को संरक्षित और विकसित करेंगे।
6. हम समाज के पोषणीय विकास में योगदान देंगे।
7. हम पर्यावरण के अनुकूल कॉर्पोरेट गतिविधियों को बढ़ावा देंगे और उनका अनुसरण करेंगे।
8. हम नवरचना अथवा “Kaizen” (निरंतर सुधार) के माध्यम से उपयोगिता में योगदान देंगे।
9. हम मानवाधिकारों का आदर करेंगे।
10. हम अपनी कंपनी और समाज के भीतर विविधता और समावेशन को अपनाएंगे।



## 1 हम एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्य वातावरण बनाने के लिए “ANZEN” के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

**हमारे सभी सदस्यों की सुरक्षा और स्वास्थ्य ही हमारी कॉर्पोरेट गतिविधियों की बुनियाद है।**

अत:

- हमें अपने कॉर्पोरेट कार्यों के दौरान एक-दूसरे की तथा हमारी गतिविधियों से प्रभावित किसी भी व्यक्ति की सुरक्षा और स्वास्थ्य की रक्षा के लिए उपयुक्त कदम उठाने चाहिए।
- हमें सभी सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी कानूनों, अधिनियमों अथवा आंतरिक मापदंडों का अनुपालन करना ज़रूरी है।
- हम सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रशिक्षण एवं पहलकदमी में उत्साहपूर्वक हिस्सा लेंगे।
- हम अपनी सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रबंधन प्रणाली का प्रयोग करेंगे और उसे विकसित करेंगे।







## 2 हम सभी लागू कानूनों और विनियमों का अनुपालन करेंगे; जिनमें भ्रष्टाचार-विरोधी, अविश्वास और प्रतिस्पर्धा कानून, तथा व्यापार कानून और विनियम शामिल हैं।

**हमारे सभी कॉर्पोरेट गतिविधियों का अनुपालन करना ज़रूरी है। एकमात्र अवज्ञा क्रिया भी हमारी प्रतिष्ठा और कॉर्पोरेट उपयोगिता को भारी नुकसान पहुंचा सकती है।**

अत:

- हमें उन सभी कानूनों और अधिनियमों से (अंतर्राष्ट्रीय कानूनों सहित) अनिवार्य रूप से परिचित होना है जो हमारे उत्तरदायी क्षेत्र को संचालित करता है और उनका अनुपालन सदैव सख़्ती से करना है।
- हमें ऐसी अवस्थाओं में जहाँ हम आश्वस्त नहीं हैं, अपने कानून विभाग या योग्य कानूनी सलाहकार की सलाह लेना ज़रूरी है।
- किसी भी प्रकार की अवज्ञा होने पर हमें उपलब्ध उपयुक्त प्रणाली द्वारा खबर देना ज़रूरी है।

**भ्रष्टाचार विरोधी, विश्वास विरोधी और प्रतिस्पर्धा कानून अथवा व्यापार कानून और अधिनियम का एकमात्र उल्लंघन भी भारी जुर्माने के साथ साथ आपराधिक अभियोग तक ले जा सकता है, और व्यक्तिगत एवं कंपनी दोनों को अप्राप्य मान हानि पहुंचा सकता है।**

अत:

- हमें लागू होने वाले सभी भ्रष्टाचार विरोधी, विश्वास विरोधी एवं प्रतिस्पर्धा कानून अथवा व्यापार कानून एवं अधिनियमों से स्वयं को पूरी तरह शिक्षित करना है, और उनका अनुपालन सदैव सख्ती से करना ज़रूरी है।
- हमें किसी भी अवैध या अनैतिक उद्देश्य के लिए उपहार, भोजन, मनोरंजन, दान या योगदान की पेशकश, देना या प्राप्त नहीं करनी चाहिए।
- हमें मार्केट में निष्कपट प्रतिस्पर्धा करना ज़रूरी है और ऐसी गतिविधियों से बचना है जो विश्वास विरोधी/प्रतिस्पर्धा कानूनों और अधिनियमों का उल्लंघन कराती हैं।
- हम जब भी प्रतिस्पर्धियों से मिलें तो अतिरिक्त सावधानी बरतें और खास तौर पर संवेदनशील जानकारी जैसे मार्केट शेयर, क्रय-विक्रय, मूल्य एवं मूल्य रणनीतियों पर किसी भी प्रकार की चर्चा से बचें।
- हमें यह स्वीकार करना है कि कुछ उत्पाद, गंतव्य और पार्टी प्रतिबंधित या निषेध हो सकते हैं और अतिरिक्त सावधानी बरतते हुए यह निश्चित करना है कि सभी अंतर्राष्ट्रीय लेन-देन का संचालन उचित कानूनों और अधिनियमों के अनुसार हो रहा है।



## 3 हम अचूक वित्तीय सूचना के लिए समर्पित रहेंगे।

**एक सार्वजनिक सूचीबद्ध कंपनी का सदस्य होने के नाते, हमारी वित्तीय जानकारी में विशुद्धता हमारे और हमारे साझेदारों के लिए भी अनिवार्य है।**

अत:

- जिन आंकणों को हमें प्रदान या प्रस्तुत करना है उनकी जांच में अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए।
- हमें उचित लेखा सिद्दांतों का अनुसरण करना ज़रूरी है।
- हमें अपनी वित्तीय जानकारी समय पर, सटीक और गैर-भ्रामक तरीके से प्रकट करनी ज़रूरी है।
- हमें लेन देन के सभी अभिलेख विश्वसनीय, सटीक और प्रमाणित योग्य रिकॉर्ड रखना ज़रूरी हैं।







## 4 हम कंपनी के सभी नियमों का अनुपालन करने के लिए उत्तर्दायी हैं।

- हमें कंपनी के सभी नियमों को समझना और उनका अनुसरण करना ज़रूरी है।
- हमें कंपनी के नियमों का किसी भी प्रकार से उल्लंघन होने पर जवाब देना है, और समझना ज़रूरी है कि इस प्रकार का उल्लंघन अनुशासनिक कार्यवाही की अगुआई कर सकता है।

## 5 हम ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य करेंगे और साझेदारों के बीच विश्वास को संरक्षित और विकसित करेंगे।

**एक अच्छा कॉर्पोरेट नागरिक होने के नाते, हम कानूनों और नियमों के अतिरिक्त ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, और पारदर्शिता के लिए वचनबद्ध हैं। इस वचन के साथ, हम विश्वास करते हैं कि सभी साझेदारों के साथ भरोसे को प्रोत्साहित किया जाएगा और यह हमारी कॉर्पोरेट गतिविधियों की बुनियाद में सहायक होगा।**

अत:

- हम केवल अपने मुनाफे पर ही ज़ोर नहीं देंगे। हम विभिन्न साझेदारों के स्वार्थ का आदर करेंगे और उनका भरोसा जीतने के लिए प्रयत्न करेंगे।
- हम केवल वही कॉर्पोरेट गतिविधियाँ करेंगे जो स्थानीय एवं अंतर्राष्ट्रीय नैतिक जांच पर खरी उतरें।
- हमें स्वयं और दूसरों के व्यक्तिगत विवरण, बौद्धिक संपदा एवं व्यापारिक भेदों का आदर करना है और उन्हें सुरक्षित रखना ज़रूरी है।
- हमें ऐसे व्यक्ति से संबंध नहीं रखना है जो संगठित अपराध एवं गैरकानूनी गतिविधियों मे व्यस्त है या जुड़ा हुआ है।
- हमें झूठे एवं गलत कथन नहीं देने हैं और न ही दूसरों के साथ अपमानजनक व्यवहार एवं टिप्पणी करनी है। गलती होने पर हमें तुरंत सुधार करना है।
- हमे अपने उत्तरदायित्व के संबंध में कोई भी स्वार्थ मतभेद होने पर कंपनी को प्रकट करना है और अवश्य ही कंपनी के हित के बजाए व्यक्तिगत स्वार्थों को प्राथमिकता नहीं देनी है।
- हमें कंपनी के प्रयोजन के अलावा कंपनी की संपत्ति का प्रयोग नहीं करना है।
- हम अंतरंग सौदे में व्यस्त नहीं रहेंगे और न ही उसमें लिप्त होंगे।



## 6 हम समाज के पोषणीय विकास में योगदान देंगे।

**हमारा पूर्ण विश्वास है कि हमारी पोष्णीय सफलता की कुंजी जनसमूह, समाज और पृथ्वी के साथ सुसंगत होकर मिलकर विकास करना है।**

अत:

- स्थानीय व्यावसायिक समुदाय एवं दुनिया भर के सरकारी प्राधिकारियों के साथ काम कर के, हम स्वयं को स्थानीय एवं वैश्विक आवश्यकताओं के प्रति जागरूक रखेंगे तथा औद्योगिक एवं आर्थिक विकास की पोषणीय बुनियाद के निर्माण में सहयोग देंगे।
- हम सामाजिक सहयोग की गतिविधियों को दुनिया भर में प्रबलता से बढ़ावा देंगे विशेष रूप से शिक्षा, सामाजिक कल्याण और पर्यावरण के क्षेत्र में।

## 7 हम पर्यावरण के अनुकूल कॉर्पोरेट गतिविधियों को बढ़ावा देंगे और उनका अनुसरण करेंगे।

**अपनी कॉर्पोरेट गतिविधियों को पर्यावरण के साथ सुसंगत रखना हमारे मौलिक सिद्धांतों में गहराई से अपेक्षित है।**

अत:

- हमें स्थानीय तथा वैश्विक पर्यावरण कानूनों और मानदंड का अनुपालन करना है।
- हम पर्यावरण के अनुकूल तकनीक, सेवाएँ, उत्पाद और व्यवसाय मॉडल विकसित करेंगे।
- हम कॉर्पोरेट गतिविधियों के कार्यान्वयन में अपव्यय को कम करेंगे, उत्पादों का पुन: प्रयोग करेंगे और संसाधनों की पुनरावृत्ति करेंगे।
- हम अपनी कॉर्पोरेट गतिविधियों के कार्यान्वयन में पर्यावरण संबंधी प्रभाव पर यथावत विचार करेंगे।
- हमारी कॉर्पोरेट गतिविधियों से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को हम अपनी पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से सावधानीपूर्वक जांच करके मूल्यांकन करेंगे।

## 8 हम नवरचना अथवा “Kaizen” (निरंतर सुधार) के माध्यम से उपयोगिता में योगदान देंगे।

**पोषणीय मार्ग में विकसित होने और बदलते समाज में सहयोग देने के लिए, हमारे लिए यह आवश्यक है कि हम समाज के लिए नवीन सुझावों तथा मान्यताओं के सृजन में वचनबद्ध रहें और अपनी कॉर्पोरेट गतिविधियों में निरंतर सुधार लाएं।**

अत:

- हम एक दूसरे से जुड़ेंगे तथा विभिन्न सुझावों, तकनीक और निपुणता को अपने वैश्विक नेटवर्क और आदर्श कड़ी के माध्यम से बांटेंगे।
- हम अपने व्यावसायिक मॉडल और प्रक्रिया को PDCA अथवा Kaizen गतिविधियों के माध्यम से निरंतर सुधारेंगे।
- हम उत्साहपूर्वक अपनी नवरचना अथवा काइज़ेन का विस्तार अपनी समस्त आदर्श कड़ियों और नए व्यापर क्षेत्रों में करेंगे।

## 9 हम मानवाधिकारों का आदर करेंगे।

**लोगों का आदर करना हमारे मौलिक सिद्धांत में गहराई से जड़वत् है। किसी भी प्रकार के मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए हमारे पास सहिष्णुता नहीं है।**

विशेष तौर पर:

- हमें अनिवार्य रूप से ऐसे किसी भी व्यापर में व्यस्त या लिप्त नहीं होना है जो मानव गरिमा के विरुद्ध है।
- हमें जाति, रंग, लिंग, धर्म अथवा राष्ट्र मूल के आधार पर भेदभाव नहीं करना है।
- हमें किसी भी प्रकार की बाल मज़दूरी, मानव तस्करी अथवा दूसरी प्रकार की जबरन या अनैतिक मज़दूरी में शामिल नहीं होना है।
- हमें किसी भी प्रकार के उत्पीड़न को नहीं सहना है।
- हमें ऐसे व्यक्ति  से संबंध नहीं रखना है जो किसी भी प्रकार के मानवाधिकार उल्लंघन में शामिल है।



## 10 हम अपनी कंपनी और समाज के भीतर विविधता और समावेशन को अपनाएंगे।

**हमारा विश्वास हैं कि विविधता और समावेशन नवरचना तथा विकास के स्त्रोत हैं। हमारी विविधता हमें समर्थ बनाती है जिससे हम विभिन्न दृष्टिकोणों का लाभ उठा सकें और दुनियाभर के व्यापारिक वातावरण और ग्राहकों की मांगों के बढ़ते हुए गतिविज्ञान को जवाब दे सकें।**

अत:

- हम एक ऐसे विविध कार्यस्थल का प्रचार करेंगे जहाँ विभिन्न जाति, राष्ट्र मूल, लिंग अथवा आयु के लोग सक्रियता से मिलकर कार्य कर सकें।
- हम सभी सदस्यों को उनकी जाति, राष्ट्रीय मूल या लिंग की परवाह किए बिना समान अवसर प्रदान करेंगे।
- हम अपने सदस्यों और संगठनों के सभी स्तरों पर तथा उनके बीच खुले संचार को बढ़ावा देंगे।
- हम प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्राप्त करने के लिए विलय के बाद एकीकरण की अपनी विशेषज्ञता को बढ़ाएंगे।
















# COCE पुष्टिकरण चार्ट



क्या यह COCE की नीतियों एवं उद्देश्यों के अनुरूप है?

**आरंभ**

- **कार्यपद्धति 1** — क्या सुरक्षा और स्वास्थ्य संरक्षित है? (हाँ → 2; नहीं → आगे न बढ़ें)
- **कार्यपद्धति 2** — क्या यह कानूनी है? (हाँ → 3; नहीं → आगे न बढ़ें)
- **कार्यपद्धति 3** — क्या यह कंपनी नियमों के अनुरूप है? (हाँ → 4; नहीं → आगे न बढ़ें)
- **कार्यपद्धति 4** — यदि आपके परिवार को इस बारे में पता चले तो क्या आपको गर्व होगा? (हाँ → 5; नहीं → आगे न बढ़ें)
- **कार्यपद्धति 5** — क्या यह समाज को योगदान देता है? (हाँ → 6; नहीं → आगे न बढ़ें)
- **कार्यपद्धति 6** — क्या यह पर्यावरण पोषणीय है? (हाँ → 7; नहीं → आगे न बढ़ें)
- **कार्यपद्धति 7** — क्या यह मानवाधिकारों का आदर करता है? (हाँ → लक्ष्य)

**आगे न बढ़ें**

यह COCE के विरुद्ध है। कृपया पुनर्विचार करें। ✖

**लक्ष्य**

संगति की पुष्टि हो गई है।

# यदि COCE के सिद्धांतों या मर्यादाओं का कोई उल्लंघन दृष्टिगोचर हो, तो कृपया उसकी सूचना तत्काल प्रदान करें!

**COCE पर आधारित एक बेहतर संस्कृति के निर्माण के लिए, आपके संज्ञान में आने वाले किसी भी संभावित COCE उल्लंघन की तुरंत रिपोर्ट करना महत्वपूर्ण है।**



- सभी कर्मचारी एवं अधिकारीगण को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि COCE उल्लंघनों के संबंध में किसी भी चिंता की रिपोर्ट तुरंत उचित माध्यमों* से की  जाए।
- सभी कर्मचारी एवं अधिकारीगण को COCE के उल्लंघनों से संबंधित कंपनी की जांच प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग प्रदान करना अनिवार्य है।
- TTC समूह की नीति के अनुसार, COCE के उल्लंघनों की सूचना सद्भावपूर्वक देने वाले या जांच में सहयोग करने वाले किसी भी व्यक्ति के प्रति प्रतिशोध, भेदभाव या अन्यायपूर्ण आचरण पूर्णतः वर्जित एवं अनुशासन विरुद्ध है।

| | |
|---|---|
| ***उपयुक्त माध्यम** | ①संगठनात्मक प्रतिवेदन श्रृंखला (प्रभारीगण आदि)<br>②उपयुक्त कॉरपोरेट प्रभाग (या विभाग) |

**यदि आपको उचित माध्यमों से रिपोर्ट करने में कठिनाई होती है, तो कृपया अपनी कंपनी की आंतरिक शिकायत-निवारण (व्हिसलब्लोइंग) हॉटलाइन पर रिपोर्ट करें।**



## SPEAK UP

टोयोटा त्सुशो समूह ने “स्पीक अप” नामक एक वैश्विक आंतरिक शिकायत-निवारण (व्हिसलब्लोइंग) हेल्पलाइन स्थापित की है।
यदि आपको उचित माध्यमों से या अपनी कंपनी की शिकायत-निवारण (व्हिसलब्लोइंग) हॉटलाइन के माध्यम से रिपोर्ट करने में कठिनाई हो, तो कृपया इस हॉटलाइन का उपयोग करें।




विवरण के लिए, कृपया G-TWINS पर “टोयोटा त्सुशो ग्रुप व्हिसलब्लोइंग सिस्टम” देखें
https://ttc-g-twins.toyotsu.co.jp/compliance_kikikanri/page_000008.html